**Daily COVID-19 Updates**

**17 June, 2020**



# COVID-19 Tracker

**As on 17th June, till 8 AM**

| | | |
|---|---|---|
| Confirmed Cases | 354,065 | (▲10,974) |
| Active Cases | 155,227 | (▲2,049) |
| Cured* | 186,935 | (▲6,922) |
| Deaths | 11,903 | (▲2,003) |




## Statewise - Confirmed Cases (2000+)

| State | Confirmed Cases |
|---|---|
| MAHARASHTRA | 113,445 (▲2701) |
| TAMIL NADU | 48,019 (▲1515) |
| DELHI | 44,688 (▲1859) |
| GUJARAT | 24,577 (▲522) |
| UTTAR PRADESH | 14,091 (▲476) |
| RAJASTHAN | 13,216 (▲235) |
| WEST BENGAL | 11,909 (▲415) |
| MADHYA PRADESH | 11,083 (▲148) |
| HARYANA | 8,272 (▲550) |
| KARNATAKA | 7,530 (▲317) |
| ANDHRA PRADESH | 6,841 (▲385) |
| BIHAR | 6,778 (▲128) |
| TELANGANA | 5,406 (▲213) |
| JAMMU & KASHMIR | 5,298 (▲78) |
| ASSAM | 4,319 (▲161) |
| ODISHA | 4,163 (▲108) |
| PUNJAB | 3,371 (▲104) |
| KERALA | 2,622 (▲79) |

Previous Cases
Cases in Last 24 hrs

## Cured vs. Deaths

| State | Cured | Death |
|---|---|---|
| MAHARASHTRA | 57,851 | 5,537 |
| TAMIL NADU | 26,782 | 528 |
| DELHI | 16,500 | 1,837 |
| GUJARAT | 17,082 | 1,533 |
| UTTAR PRADESH | 8,610 | 417 |
| RAJASTHAN | 9,849 | 308 |
| WEST BENGAL | 6,028 | 495 |
| MADHYA PRADESH | 8,152 | 476 |
| HARYANA | 3,748 | 118 |
| KARNATAKA | 4,456 | 94 |
| ANDHRA PRADESH | 3,509 | 88 |
| BIHAR | 4,644 | 41 |
| TELANGANA | 3,027 | 191 |
| JAMMU & KASHMIR | 2,781 | 63 |
| ASSAM | 2,166 | 8 |
| ODISHA | 2,974 | 11 |
| PUNJAB | 2,461 | 72 |
| KERALA | 1,236 | 20 |

Death
Cured

*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs

@COVIDNewsByMIB

# कोरोना संकट में गरीबों के लिए वरदान बनेगी ‘वन नेशन, वन राशन कार्ड’ योजना

देश के 81 करोड़ लोगों को रियायती दरों पर अनाज उपलब्ध कराने वाली मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) के तहत देश के 20 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' की व्यवस्था लागू की जाएगी. कुछ दिनों पूर्व 20 लाख करोड़ के आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि मार्च, 2021 तक देश के सभी राज्यों में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी.

दरअसल, यह योजना मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (MNP) की तरह है. मोबाइल पोर्ट में आपका नंबर नहीं बदलता है और आप देशभर में एक ही नंबर से बात करते हैं. इसी तरह, राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी में आपका राशन कार्ड नहीं बदलेगा. अगर आसान भाषा में समझें तो एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने पर आप अपने राशन कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं. इस कार्ड से दूसरे राज्य से भी सरकारी राशन खरीद सकते हैं.कोरोना संकट के इस काल में वन नेशन, वन राशन कार्ड की योजना काफी अहम साबित होने वाली है. केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लाभार्थियों को चिह्नित किया जाएगा. लाभार्थियों को आधार कार्ड पर इलेक्ट्रिक प्वाइंट ऑफ सेल से इस योजना का लाभ मिल सकेगा.

अब तक यह सुविधा आंध्र प्रदेश, बिहार, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, कर्नाटक, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश,महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे 17 राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों में उपलब्ध कराई जा चुकी है.

अब इन राज्यों में ‘वन नेशन वन राशन कार्ड ’योजना के तहत राष्ट्रीय / अंतर-राज्यीय पोर्टेबिलिटी के तहत राशन की दुकानों से जून 2020 से अनाज मिलना शुरु हो गया है. अगस्त 2020 तक तीन और राज्य अर्थात् उत्तराखंड, नागालैंड और मणिपुर भी इस सुविधा से जुड़ जाएंगे. शेष 13 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, पुदुचेरी, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप को राष्ट्रीय क्लस्टर में शामिल करने के लिए विभाग सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ कर रहा है. मोदी सरकार दृढ़ संकल्पित है कि 31 मार्च 2021 तक सभी राज्यों को ‘वन नेशन वन राशन कार्ड’ योजना के साथ जोड़ दिया जाएगा और यह योजना पूरे भारत में लागू कर दी जाएगी.

**Positive India:**

1. India Coronavirus: दिल्ली में बनेगा सबसे बड़ा कोरोना सुविधा केंद्र, 10 हजार बेड की होगी क्षमता- https://www.jagran.com/news/national-live-india-coronavirus-updates-coronavirus-testing-capicity-reaches-3-lakhs-per-day-20401686.html

2. देश में अब तक 1.86 लाख से ज्यादा मरीज हुए ठीक, धीरे बढ़ रही सक्रिय मामलों की संख्या- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-india-more-than-1-lakhs-86-thousand-patients-recovered-in-the-country-so-far-number-of-active-cases-increasing-slowly-20401903.html

3. इंदौर में लॉकडाउन दिशा-निर्देशों का हो रहा पालन, टूटी कोरोना ट्रांसमिशन चेन : स्वास्थ्य अधिकारी- https://www.jagran.com/news/national-chain-of-covid-19-transmission-broken-in-indore-says-chief-medical-and-health-officer-20401918.html

4. COVID-19: IIT हैदराबाद में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस वाला टेस्टिंग किट विकसित, मात्र 20 मिनट में आएगा रिजल्ट- https://www.jagran.com/news/national-iit-hyderabad-researcher-develops-ai-powered-low-cost-point-of-care-covid-19-testing-kit-20401873.html

5. अनलॉक होती जिंदगी में ये तीन नियम ही देंगे आपको कोरोना के संक्रमण से मुक्ति- https://www.jagran.com/news/national-ncr-covid-19-outbreak-follow-these-three-rules-strictly-in-unlocking-life-corona-will-stay-away-jagran-special-20401799.html

6. Self Help: जीत जाएंगे कोविड-19 से जंग, बस चढ़नी है आत्मविश्वास की सीढ़ी- https://www.jagran.com/news/national-with-the-help-of-full-confidence-brings-the-winning-path-against-covid-19-jagran-special-20400983.html

7. प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो से कोरोना के दौर में सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा- https://www.jagran.com/news/national-prime-minister-modi-discusses-increasing-cooperation-with-canadian-pm-justin-trudeau-during-corona-20401653.html

8. Coronavirus Updates: अब रोजाना तीन लाख सैंपल की जांच, जानिए क्या है राज्यों का हाल- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-updates-now-check-three-lakh-samples-daily-know-what-is-the-state-of-the-states-20401303.html

9. अब आर्थिक पहिया घुमाने पर पीएम मोदी का जोर, यातायात को सुगम बनाने की भी सलाह- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-in-india-pm-modi-to-interact-with-cms-lgs-and-administrators-of-21-states-20397764.html

10. कोरोना वायरस : दिल्ली में शुरू होगा रैपिड एंटीजन टेस्ट, 15 मिनट में मिलेगी रिपोर्ट- https://www.livehindustan.com/ncr/story-coronavirus-delhi-to-start-rapid-antigen-test-for-covid-19-result-in-15-minutes-3286626.html

11. IIT-Guwahati develops low-cost, high-quality ‘Made in Assam’ Covid-19 kits- https://www.hindustantimes.com/india-news/iit-guwahati-develops-low-cost-high-quality-made-in-assam-covid-19-kits/story-VEAsSuM6WCCq6kjZdFxF2K.html

**India Fights Corona (Updates):**

- भारत में पिछले 24 घंटों में 10,974 नए COVID19 मामले सामने आए हैं और 2003मौतें हुई हैं। देश में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या अब 3,54,065 हो गई है जिसमें1,55,227 सक्रिय मामले,1,86,935 ठीक / डिस्चार्ज / माइग्रेट और 11,903 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- 16 जून को ओडिशा में कोरोना वायरस के 175 और मामले सामने आए और 120 लोग कोरोना वायरस से ठीक हुए। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की संख्या 4,338 है, जिसमें 2,974 ठीक हो चुके मामले और 1,350 सक्रिय मामले शामिल हैं: राज्य सरकार

- राजस्थान में आज सुबह 10:30 बजे तक 122 नए कोरोना के केस सामने आए हैं और 1 की मौत हुई है, राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 13,338 है: राजस्थान स्वास्थ्य विभाग

- हिमाचल प्रदेश में कोरोना वायरस के 8 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 568 हो गई है जिनमें से 185 सक्रिय मामले हैं। कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 6 है।

- आंध्र प्रदेश में आज कोरोना वायरस के 275 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 5,555 हो गई है जिसमें से 2,559 सक्रिय मामले हैं। कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 90 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- उत्तराखंड में COVID19 के 43 नए मामले दर्ज़ किए गए। कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 1985 हुई जिसमें 1230 ठीक और 25 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- नागालैंड में COVID19 के 2 नए मामले सामने आए हैं, राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 181 हो गई है, जिसमें 78 सक्रिय मामले और 103 ठीक मामले शामिल हैं: नागालैंड के स्वास्थ्य मंत्री एस पंगनु फु

- जम्मू और कश्मीर में 78 नए COVID19 मामले सामने आए हैं - जिसमें से 16 जम्मू डिवीजन से और 62 कश्मीर डिवीजन से हैं, 2454 सक्रिय मामलों और 63 मौतों सहित कुल मामलों की संख्या 5298 हो गई है: J&K सरकार

- तमिलनाडु में 1,515 नए COVID19 मामले सामने आए और 49 मौतें हुईं। अब तक पॉजिटिव मामलों की संख्या 48,019 है और मरने वालों का आंकड़ा 528 पर है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- 79 लोगों को आज राज्य में COVID19 के लिए पॉजिटिव पाया गया। सक्रिय मामलों की संख्या 1366 है :केरल स्वास्थ्य विभाग

- अभी बहुत कम दिन हुए हैं, लेकिन उत्तराखंड ने इस दिशा में काफी काम किया है, 300 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट स्वीकृत किए हैं, जो उद्योग कोरोना और लॉकडाउन के कारण बंद हो गये थे, आज राज्य में उनमें से लगभग 90 फीसदी उद्योग अपना काम कर रहे हैं :उत्तराखंड मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत

- देश में कोविड19 से स्वस्थ होने वालों की दर 52.79% हुई, पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये दर 72% से अधिक।

## COVID-19 Updates (Worldwide):

- Spanish healthcare workers and supporters rally outside a Madrid hospital to demand better treatment within the public health system as resources are stretched amid the coronavirus outbreak.

- A primary school in the suburbs of Cape Town installs DIY screens on pupils' desks to protect against the spread of COVID-19. The principal commends his staff for thinking up this innovative and "cost-effective" idea.

- England's Premier League returns to action this week - and the thousands of coronavirus tests that have helped make that possible have an unlikely source: a little-known start-up in Hong Kong.

- Bangladesh recorded highest single day infection with 4008 fresh infections & 43 deaths. 1925 recovered. Death toll has gone up to 1305, infections 98,489 & recoveries 38,189, Says, DGHS.

- Sri Lankan cannot let COVID19 health crisis develop into economic crisis, says Prez Gotabaya Rajapaksa

## कोरोना काल के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 50 हजार करोड़ डॉलर हो जाना सुखद आश्चर्य

इन दिनों देश अभूतपूर्व आर्थिक चुनौती का सामना कर रहा है। अर्थव्यवस्था की गाड़ी डगमगा गई है। मगर एक सुखद पहलू यह है कि कोरोना की बड़ी मार के बाद भी भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ रहा है। देश में चौतरफा निराशाजनक स्थिति है और  उदासीनता के परिवेश से सभी जकड़े हुए हैं। बावजूद इसके विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 50 हजार करोड़ डॉलर हो जाना एक सुखद आश्चर्य ही कहा जाएगा।

फिलहाल विदेशी मुद्रा भंडार की बढ़त के बीच भारत का बचा हुआ विकास दर यदि  शीघ्र पटरी पर नहीं आता है तो बढ़त ले चुकी आर्थिक चुनौतियां देश में नाउम्मीदी का माहौल बनाने में कोई कोर-कसर  नहीं छोड़ेंगी। विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने का एक फायदा यह होता है कि इससे सरकार और आरबीआइ को देश के बाह्य और आंतरिक आर्थिक मामलों को सुलझाने में कहीं अधिक मदद मिलती है। वैसे कई लोग सोचते होंगे कि जब  देश की माली हालत सबसे बड़े आर्थिक  गिरावट में है, उद्योग-धंधे तथा सेवा क्षेत्र समेत छोटे-बड़े कारोबार कोरोना की चपेट में हैं तो ऐसे में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार कैसे बढ़ रहा है।जाहिर है इसका कोई आर्थिक कारण तो होगाविदेशी मुद्रा भंडार आगामी एक वर्ष  के आयात बिल के लिए शुभ संकेत दे रहा है। साथ ही इसकी बढ़त से यह भी संकेत मिलता है कि डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत होगा और भुगतान संतुलन के मामले में सकारात्मकता आएगी।भारत की जीडीपी भारत के विकास का जरिया है और यहां की कुल जीडीपी में 15 प्रतिशत विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है।गौरतलब है कि मई में विदेशी मुद्रा भंडार में 1,240 करोड़ डॉलर का उछाल आया और माह के अंत तक यह लगभग 50 हजार करोड़ डॉलर के पास पहुंच गया। रुपये में इसे लगभग 37 लाख करोड़ से अधिक कह सकते हैं।

Source:[https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-foreign-exchange-reserves-increased-to-50-thousand-million-dollars-during-the-corona-period-jagran-special-20402099.html](https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-foreign-exchange-reserves-increased-to-50-thousand-million-dollars-during-the-corona-period-jagran-special-20402099.html)




**Prepared by:**

**Adarsh Tiwari**

**Abhay Singh**

**Manujam Pandey**